KU Newsletter

May 2025/ Edition 2, Vol. 1, चैत्र मास, विक्रम संवत २०८२

www.kuk.ac.in

एनईपी – 2020 बी.एड. पाठ्यक्रम होंगे नये अवतार में

विकसित भारत 2047 : शिक्षा के नए स्वरूप पर कुवि में मन्थन– प्रो. सचदेवा



कुवि परिसर : विकसित भारत – 2047 के संकल्प का एक सेतु बनते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने गत 29 अप्रैल को दो–दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। "शिक्षक शिक्षा में परिवर्तन – विकसित भारत 2047 की दिशा में" विषय पर आधारित इस सम्मेलन में देशभर के शिक्षा विशेषज्ञ, नीति–निर्माता और विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की प्रतिभागिता रही। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सम्मेलन में उद्घाटन भाषण देते हुए कहा कि शिक्षक बनने की आ. कांक्षा रखने वाले छात्रों के लिए आई.टी. ई.पी. (एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम) एक क्रांतिकारी पहल है। अब 12वीं के बाद ही छात्र बी.ए.–बी.एड. एकीकृत रूप में कर सकेंगे, जिससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि उन्हें प्रशिक्षित व बहुआयामी शिक्षक बनने का अवसर भी मिलेगा। एनसीटीई के चेयरपर्सन प्रो. पंकज अरोड़ा ने घोषणा की कि जल्द ही एक वर्षीय बी.एड. कोर्स फिर से शुरू किया जाएगा। यह कोर्स उन छात्रों के लिए होगा जिन्होंने चार वर्षीय स्नातक या स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी कर ली है। वहीं, तीन वर्षीय स्नातक करने वालों के लिए दो वर्षीय बी.एड. उपलब्ध रहेगा। इसके अतिरिक्त, एक वर्षीय नियमित एम. एड. और दो वर्षीय पार्ट टाइम एम.एड. को भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पुनः संरचित किया जा रहा है।

अब चार वर्षीय बी.ए. बी.एड (आईटीईपी), दो वर्षीय बी.एड व एक वर्षीय बी.एड डिग्री करने वाले छात्र एक वर्षीय रेगुलर एम.एड में दाखिला ले पाएंगे। दो वर्षीय पार्ट–टाइम एम.एड केवल वे ही छात्र कर पाएंगे जो कि देशभर के अलग–अलग शिक्षा संस्थानों में शिक्षणकार्य कर रहे हैं या शिक्षण नीतियाँ बनाने इससे संबंधित प्रशासनिक कार्यों में संलग्न हैं।

प्रो. तृप्ता त्रिवेदी और अभिलाषा झा मिश्रा ने बी.एड. और एम.एड. के पाठ्यक्रम ढांचे की विस्तृत व्याख्या करते हुए बताया कि किस प्रकार यह पाठ्यक्रम शिक्षण को शोध, उद्यमिता और मूल्यनिष्ठ शिक्षा से जोड़ता है। उन्होंने कहा की यह सम्मेलन शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में न केवल नीति निर्माण का मंच बना, बल्कि बी.एड. को एक नए अध्याय के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ। इस अवसर पर एनसीटीई के सदस्य सचिव अभिलाषा झा मिश्रा, डीन एकेड. मिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बृजेश साहनी, प्रो. संजीव शर्मा, प्रो. परमेश कुमार, प्रो. अनिता दुआ, लोक संपर्क विभाग के निदेशक प्रो. महा. सिंह पूनिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि शिक्षा के नवीन स्वरूप के इस विमर्श को प्रतिभ. ागियों ने विभिन्न प्रश्नों से समदध किया और इसे बहुत नई चीजें सिखाने वाला अनुभव बताया।

समारोह में कुवि कुलपति ने केंद्रीय मंत्री को सम्मानित किया

केयू व स्वदेशी शोध संस्थान द्वारा आयोजित सम्मेलन में पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व स्वदेशी शोध संस्थान, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र में 'विजन 2047: समृद्ध और महान भारत' विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सोमनाथ सचदेवा व कई विभागों के शिक्षकों ने भागीदारी की । कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी व शिवराज सिंह चौहान को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया । इस तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के प्लेनरी सत्र में बतौर मुख्यातिथि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बढ़ते तापमान, पर्यावरण असंतुलन के बावजूद भी अन्न उत्पादन में भारत अव्वल है और दूसरे देशों को भी अन्न उपलब्ध करवा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गौरवशाली, शक्तिशाली भारत के निर्माण का अभियान चला हुआ है। आज भारत देश में अन्न के भंडार समृद्ध हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छे बीज चाहिए। इसके लिए आईसीआर कार्य कर रहा है।

वर्तमान समय में पानी बचाना जरूरी है तथा उत्पादन बढ़ाने के लिए कम पानी में ज्यादा सिंचाई, नई कृषि पद्धति की आवश्यकता है। उत्पादन की लागत घटाने के लिए उन्नत बीज की आवश्यकता है। उत्पादन के ठीक दाम मिले इसके लिए भारत सरकार द्वारा एमएसपी की व्यवस्था की गई है जिससे किसानों को समृद्ध बनाने का कार्य किया जा रहा है। कीटनाशकों के उपयोग के कारण धरती का उपजाऊपन खत्म हो रहा है। मनुष्य बीमार हो रहा है, नदियां प्रदूषित हो रही हैं और पशु–पक्षी खत्म हो रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से प्राकृतिक कृषि की आवश्यकता है। इसके लिए 18 लाख 75 हजार लोगों को प्राकृतिक कृषि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसलिए धरती से केवल उतना लो जितनी उसकी भरपाई हो सके। हमारे लिए पेड़–पौधे मनुष्य समान, गाय पशु नही– मातृ तुल्य है,और नदियां हमारी पवित्र माताएं हैं। इन संस्कारों से प्रेरणा लेकर हमें प्रकृति का संरक्षण करना होगा। भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था जल्द बनने वाला है। भारत के निर्माण में सामर्थ्य व क्षमता के साथ काम करें ताकि विकसित भारत का संकल्प पूरा किया जा सके।

मानव कल्याण और परोपकार पर आधारित है यूथ रेडक्रॉस प्रो. सोमनाथ सचदेवा

कुवि में विश्व रेडक्रास दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

कुवि परिसर : यूथ रेडक्रॉस सोसायटी सात सिद्धांतों पर आधा. रित है जो मानव कल्याण के लिए परोपकार व सेवाभाव से कार्य कर रही है। मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वाधीनता, स्वैच्छिक सेवा, एकता व सार्वभौमिकता के सिद्धांतों की नींव पर रेडक्रॉस की इमारत खड़ी है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा इससे सम्बन्धित कॉलेजों की यूथ रेडक्रॉस सोसायटी समाज कल्याण में अपना अमूल्य योगदान दे रही है। यह विचार कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूथ रेडक्रॉस द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजि. जत कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर व रेडक्रॉस अभियान को जन्म देने वाले महान मानवता प्रेमी जीन हेनरी डयूनेन्ट को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कुलपति ने कहा कि रेडक्रॉस विश्व की सबसे बड़ी यूथ आर्गेनाईजेशन है। यह पहला संस्थान था जो कि युद्ध में घायल सैनिकों की देखभाल के लिए बनाया गया था। रेडक्रॉस सोसायटी का गठन जब से हुआ है तब से रेडक्रॉस के स्वयंसेवक विभिन्न प्रकार की आपदाओं में निरंतर निस्वार्थ भावना से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह विश्व की एक ही संस्था है जिसको तीन बार नोबल शांति पुरस्कार मिला है। संवेदनाओं के साथ कार्य करने के लिए मनुष्य को श्रेष्ठ माना गया है। आज के परिप्रेक्ष्य में जो गंभीर हालात बन रहे हैं उसमें यूथ रेड क्रास की भू. मिका महत्वपूर्ण होने वाली है। कुवि के वालंटियर्स व स्वयं सेवकों ने कोविड के समय व इसके बाद आई बाढ़ में बाढ़ पी. ड़ितो को निस्वार्थ भाव से भोजन व राशन पहुंचाया। कुलपति ने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है। 15 से 29 साल की उम्र के 37 करोड़ युवा हमारी ताकत हैं। हमारे देश का भविष्य उज्ज्वल है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी ने कहा कि सारी मानवता एक है। सभी का दुख एक है और जो सक्षम है उसे दूसरों का दुख कम करने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। इसी उद्देश्य व ध्येय को लेकर ही यूथ रेड क्रास संस्था बनी है। उन्होंने स्वयं सेवकों को मानवता के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कुवि के यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर प्रो. डी. एस. राणा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह वैश्विक एकता का दिन है, जो उन स्वयं सेवकों के साहस और प्रयासों को दर्शाता है जो कठिन परि. स्थितियों में काम करते हैं। आपदा प्रबंधन, सामाजिक बुराईया, रक्तदान, स्वच्छता अभियान, कोरोना काल, अन्य संकट सहित विभिन्न क्षेत्रों में रेडक्रास स्वयं सेवकों ने हमेशा महत्वपूर्ण काम किया है। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए.आर. चौधरी, यूथ रेडक्रॉस कोऑर्डिनेटर प्रो. डी.एस.राणा, प्रो. एस.के.चहल, प्रो. विवेक चावला, प्रो. रीटा, प्रो. निरुपमा भट्टी, डॉ. मंजू नरवाल, डॉ. चेतन शर्मा, फील्ड कोऑर्डिनेटर डॉ. संतोष कुमार, डॉ. राजेश राजौंद, डॉ. दिविज, योगेश सहित विभिन्न कॉलेजों के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर व वालंटियर्स मौजूद थे।

19 वर्षीय धरोहर : शिक्षा मंत्री ने की मुक्तकंठ प्रशंसा

नौ राज्यों से आए 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने भी देखी 'धरोहर'

दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर भारत के नौ राज्यों से आए प्रतिनिधि संग्रहालय का अवलोकन करने के बाद कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के साथ धरोहर हरियाणा संग्रहालय के सम्मुख उपस्थित।

दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर भारत के नौ राज्यों– हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड, से आए 150 से अधिक प्रतिनिधियों ने 28 अप्रैल को धरोहर के स्थापना दिवस पर संग्रहालय का अवलोकन किया। उन्होंने धरोहर के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को समझा तथा हरियाणवी लोक परम्परा एवं ग्राम्य संस्कृति की सराहना की। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी को केयू धरोहर हरियाणा संग्रहालय के 19 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। कुलपति ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का ध रोहर संग्रहालय हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का काम कर रहा है। 28 अप्रैल 2006 को जिस पौधे को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने रोपा था आज वह हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बनते हुए नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति के बारे में बता रहा है। धरोहर को स्थापित करने के सुखद परिणाम प्राप्त हुए हैं। आज धरोहर संग्रहालय कुरुक्षेत्र की पहचान का एक प्रतीक बन चुका है। संग्रहालय ने पिछले 19 वर्षों में हरियाणवी संस्कृति की पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित कर लाखों पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया है। धरोहर हरियाणा संग्रहालय में 50 से अधिक गैलरी हैं जिनके माध्यम से हरियाणवी लोक संस्कृति के दर्शन होते हैं। बीते दिनों हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने धरोहर संग्रहालय का अवलोकन कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की खुले दिल से प्रशंसा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि धरोहर संग्रहालय हरियाणा ही नहीं अपितु पूरे भारत का एकमात्र ऐसा संग्रहालय है जिसके माध्यम से हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया है। उन्होंने धरोहर संग्रहालय में रखा मिट्टी का ताशा भी बजाकर देखा। उन्होंने कहा कि संग्रहालय युवा पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का एक माध्यम है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय देश का एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने अपनी संस्कृति को संरक्षित करने के लिए धरोहर जैसे संग्रहालय को स्थापित किया। समाज में जिस तरह से आज विकृतियां बढ़ रहीं हैं, ऐसे में जीवन मूल्यों की रक्षा के लिए ऐसे संस्थानों की स्थापना करना जरूरी है। इस अवसर पर हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा, प्रो. एस. के. गक्खड़, कुलसचिव ले. डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रो. ब्रजेश साहनी, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, प्रो. परमेश कुमार सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

पुस्तकें हमें अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से जोड़ती हैं : प्रो. संजीव शर्मा

केयू पंजाबी विभाग में 'उस्तादी ए कवि साईं मियां मीर जी' पुस्तक पर व्याख्यान आयोजित

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पंजाबी विभाग द्वारा 'उस्तादी ए कवि साईं मियां मीर जी' पुस्तक पर एक परिचर्चा में केयू पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि पुस्तकें हमें अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से जोड़ने का कार्य करती है। इसके साथ ही इनको पढ़ने से हमें ऐतिहासिक घटनाओं एवं सांस्कृतिक परम्पराओं को जानने का अवसर भी मिलता है। इस मौके पर पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं परिचय करवाया तथा साईं मियां मीर जी के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में कविश्री विकास मंच, तलवंडी साबो, पटियाला के दर्शन सिंह पसियाना ने दूसरे मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि धर्म और सत्य का संबंध घनिष्ठ है। उन्होंने कहा कि साईं मियां मीर और जहांगीर की धर्म के प्रति कैसी भावना थी? यह इस पुस्तक से स्पष्ट हो जाता है। 33 कवियों की रचनाओं से युक्त यह पुस्तक कविश्री काव्यात्मक रूप में लिखी गई है, जिसमें विराम चिन्हों पर विशेष ध्यान दिया गया है। कुलवंत सिंह सैदोके ने कहा कि यह पुस्तक साईं मियां मीर के बारे में है जिन्होंने हरमंदिर साहिब की नींव रखी थी। उन्होंने छात्रों को छंद के नियमानुसार तथा कविश्री के मधुर शब्दों के माध्यम से कविता लिखने की विधि भी साझा की। सुंदरपाल कौर राजासांसी, संरक्षक साईं मियां मीर हंबल फाउंडेशन, कनाडा ने बतौर विशिष्ट अतिथि साईं मियां मीर जी द्वारा हरमंदिर साहिब के मैदान में जातिगत भेदभाव को दूर करने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. पुष्पा रानी, अधिष्ठाता, कला एवं भाषा संकाय ने सुंदरपाल कौर राजासांसी के व्यक्तित्व और कार्य के प्रति समर्पण के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लता खेड़ा व धन्यवाद डॉ. गुरप्रीत सिंह साहूवाला द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

प्रतियोगिताएं मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक : प्रो. सुशीला चौहान

विधि संस्थान में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू विधि संस्थान में जनजातीय गौरव दिवस एवं संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पर बौद्धिक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर पर विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चौहान ने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि यह क्विज प्रतियोगिता न केवल प्रतिभागियों की संवैधानिक समझ का परीक्षण था, बल्कि यह प्रतियोगिता भारत के संविधान से संबंधित मूल्यों, अधिकारों, कर्तव्यों एवं देश के निर्माण में जनजातीय समुदायों की भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाने का एक सशक्त माध्यम भी बनी। संस्थान के उप–निदेशक डॉ. रमेश सिरोही ने कहा कि यह कार्यक्रम विधि संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नागरिक जागरूकता एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रतियोगिता में विधि संस्थान के लगभग 55 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर संवैधानिक ज्ञान, जागरूकता एवं शैक्षणिक उत्साह का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिसमें 3 चरणों को पार करने के बाद रोहित अत्री, खुशी, काजल तथा वंशिका विजेता रहे। वहीं सुकृत खुराना, पारस, पायल एवं प्रिया उपविजेता रहीं । प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. मनजिंदर गुल्यानी व डॉ. रमेश सिरोही की देखरेख में किया गया, जबकि डॉ. जतिन ने आयोजक की भूमिका निभाई। छात्र आयोजक कुशाल, जयशिखा, इशिका गोयल और उत्तम सिंह ने इस पूरे आयोजन को सफल एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इंटरनेट की माया पर भारी लाइब्रेरी का जादू

कुवि के जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय में 2100 सीट विद्यार्थियों से भरी रहती हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि पुस्तकालय में बैठकर पढ़ने और हार्ड फॉर्म में किताब से फैक्ट जानने का दूसरा विकल्प नहीं

निकिता सैनी / सिद्धार्थ

कुवि परिसर : इंटरनेट की माया पर किताबों और पुस्तकालय का जादू कैसे भारी पड़ रहा है, इसकी गवाही दे रहा है कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का जवाहरलाल नेहरू पुस्तकालय। पुस्तकालय लगभर हर रोज विद्यार्थियों से भरा रहता है और आजकल के परीक्षा के दिनों में तो एक भी कुर्सी खाली नहीं मिलती बल्कि पाठकों की भीड़ के चलते अतिरिक्त कुर्सियों का प्रबंध करना पड़ रहा है।

यह दृश्य किसी को भी हैरानी से भर सकता है कि मोबाइल व लैपटॉप को किनारे रख भारी संख्या में विद्यार्थी सुबह से रात तक यहां अध्ययन करते हैं। कुल 1800 लोगों के बैठने की स्थायी व्यवस्था इस समृद्ध और विशाल पुस्तकालय में है पर परीक्षा के दिनों में अतिरिक्त व्यवस्था के तौर पर 300 से अधिक प्लास्टिक की कुर्सियों का प्रबंध विश्वविद्यालय प्रशासन ने किया है।

डिजिटल युग में पुस्तकालय में किताबें खोजकर पढ़ रहे कुवि के विद्यार्थियों के अनुभव जानने निकली न्यूज लेटर की

कुवि की सेंट्रल लाइब्रेरी में विद्यार्थियों से भरी सीटें

पुस्तकालय अध्यक्ष से साक्षात्कार करती केयू न्यूज लैटर की टीम

टीम जब वहां पहुंची तो अतिरिक्त कुर्सियां भी विद्यार्थियों से भरी पाई गई।

अधिकांश विद्यार्थियों का कहना था कि निश्चित रूप से इंटरनेट के कारण सूचना क्रांति आई है और इसका अपना अलग महत्व भी है पर एक सीमा के बाद यह पारंपरिक किताबों और लाईब्रेरी का विकल्प नहीं बन पाता। छात्र गोविंद ने कहा कि जिस तरह किताब में बड़े व्यवस्थित क्रम में रिसर्च के साथ कन्टेन्ट होता है, वो संतुष्टि इंटरनेट पर सर्च इंजन से नहीं मिल सकती। दूसरे लाईब्रेरी में जो पढ़ने का अनुशासित वातावरण मिलता है, वो कहीं और नहीं मिलता। एमएससी के छात्र सुमित ने कहा कि पारंपरिक लाईब्रेरी और किताब का विकल्प खोजना मुश्किल है। हिंदी विषय के शोधार्थी गौरव अपने एमए के दिनों से निरंतर पुस्तकालय आकर सुबह से रात तक पढ़ रहे हैं। गौरव का मानना है कि लाईब्रेरी का विकल्प कोई चीज कैसे बन सकती है। बड़े तपे हुए विशेषज्ञों ने एक तथ्य को खोज–खोजकर जो किताबें लिखीं है, वैसी पुष्ट सामग्री इंटरनेट पर सहज सुलभ नहीं है। औसत तौर पर रोज 150 से अधिक किताबें विद्यार्थी घर पर पढ़ने के लिए भी जारी करवा रहे हैं।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मुख्य पुस्तकालयाध्यक्ष चेतन शर्मा ने केयू न्यूज लेटर टीम से बातचीत में बताया कि लाईब्रेरी में कुल 4 लाख 11 हजार पुस्तकें उपलब्ध हैं। पिछले दो साल में लगभग 8 से 10 हजार तक पुस्तकें खरीदी गई हैं। इसके अतिरिक्त 1300 इलेक्ट्रॉनिक पत्रिकाओं का अभिगम है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल युग में भले ही कितनी तेज़ी से परिवर्तन आया हो पर युवाओं की स्टैंडर्ड किताबें पढ़ने की अभिरुचि बचाए रखना हमारा जिम्मा है।

जीवन में सफलता के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की भावना आवश्यकः प्रो. महावीर नरवाल

विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा उतीर्ण करने की सीखी बारीकियां

कुवि परिसर : जीवन में सफलता प्राप्त करने में लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की भावना आवश्यक है। यह लेक्चर विभाग के नियमित आयोजनों और गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। यह विचार वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर महाबीर नरवाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग द्वारा यूजीसी नेट तैयारी पर आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में व्यक्त किए। प्रो. महाबीर नरवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य एम.कॉम प्रथम और अंतिम वर्ष के छात्रों को यूजीसी नेट परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए मूल्यवान सुझाव और तरकीबों को बताना था। शोधार्थी पुरषोत्तम गुप्ता और हिमांशी मलिक द्वारा लेक्चर आयोजित किया गया जिन्होंने यूजीसी नेट परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए मूल्यवान सुझाव और रणनीति साझा कीं। उन्होंने नेट की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकों के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों के संदेहों और प्रश्नों का समाधान भी किया, जिससे परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर स्पष्टता प्रदान की गई।

सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण महत्वपूर्ण : एसडीएम अनिल कुमार भारद्वाज

डलहौजी में पांच दिवसीय केयू यूथ रेडक्रॉस शिविर सम्पन्न

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में पांच दिवसीय केयू यूथ रेडक्रॉस शिविर के समापन अवसर पर एसडीएम अनिल कुमार भारद्वाज ने कहा कि सुरक्षित भविष्य के लिए पर्यावरण का संरक्षण महत्वपूर्ण है। पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए केयू यूथ रेडक्रॉस का यह जागरूकता शिविर इस उद्देश्य में सफल रहा। यूथ रेडक्रॉस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. दिनेश सिंह राणा के नेतृत्व में आयोजित शिविर में हरियाणा के विभिन्न जिलों से 11 कॉलेजों की टीम ने भाग लिया जिसमें 112 स्वयंसेवक एवं 10 काउंसलर्स शामिल हुए। समापन अवसर पर पांच दिवसीय शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर में बेस्ट कैंपर अवार्ड आरकेएसडी कॉलेज, कैथल के युवराज सिंह, केयू आईआईएचएस से संजना मेहरा तथा जीएमएन कॉलेज से सपना को दिया गया। प्रो. डीएस राणा ने सफल आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए योगेश जांगड़ा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. डीएस राणा ने शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक डलहौज़ी के यूथ होस्टल में आयोजित यूथ रेडक्रॉस शिविर का उद्घाटन रजनीश महाजन, डिविजनल फोरेस्ट ऑफिसर, डलहौजी, हिमाचल प्रदेश ने बतौर मुख्यातिथि किया। उन्होंने बताया कि हिमाचल राज्य लगभग 68 प्रतिशत जंगलों से ढका हुआ है तथा हिमाचल सरकार पर्यावरण संरक्षण तथा पेड़–पौधों की देखभाल के लिए प्रतिबद्ध है। प्रो. डीएस राणा ने बताया कि शिविर में प्रो. निरूपमा भट्टी ने प्रातः 6 बजे स्वयंसेवकों को योग करवाया तथा सोनिया भारद्वाज द्वारा प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण दिया गया। इस कैंप में फील्ड ऑफिसर डॉ. संतोष कुमार, यूथ होस्टल के प्रबंधक देवेंद्र शर्मा सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे।

अच्छा जनसंपर्क आत्मविश्वास और मनोविज्ञान के साथ सशक्त होता हैः डॉ. प्रीतम सिंह

कुवि परिसरः अच्छे जनसम्पर्क के लिए, विद्यार्थियों को घुमक्कड़ बनना होगा जिससे विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लोगों से मिलने का अवसर मिले सके और यह अवसर उन्हें अधिक से अधिक बोलियों के और भाषाओं के शब्दों को सीखने का अवसर देगा। यह कहना है डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर अध्ययन शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह का, जो जनसंचार एवं मीडिया संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस पर बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मजबूत जनसम्पर्क का आधार भाव ही है क्योंकि भाव सशक्त होता है तो जनसम्पर्क भी सशक्त होगा। डॉ. प्रीतम ने कहा कि हरियाणा के जितने भी घुमक्कड़ और बातूनी प्रवृति के लोग हैं उनका जनसम्पर्क अन्य लोगों से अधिक सशक्त होता है। जनसम्पर्क भी तभी सशक्त होता है जब व्यक्ति का 'सम्पर्क' अच्छे आत्मविश्वास और मनोविज्ञान के साथ सशक्त हो। इसलिए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस पर अच्छे जनसम्पर्क के लिए भाषा ज्ञान के साथ–साथ अच्छे 'सम्पर्क' पर ध्यान देना चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक, प्रोफेसर महासिंह पूनिया ने मुख्य वक्ताओं का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा के गांवों में आपसी जनसम्पर्क चौपाल, तालाबों, कुंओं, खेत–खलिहानों, रीति–रिवाजों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, धार्मिक कार्यक्रमों आदि से बनता है और इसी जनसम्पर्क से समाज, राज्य, राष्ट्र का सशक्त निर्माण होता है। प्रोफेसर पूनिया ने कहा कि संस्थान का यही प्रयास है कि हम आपसी जनसम्पर्क के माध्यम से समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभा सके। इस अवसर पर लोक गायक एवं सूचना जनसम्पर्क विभाग, हरियाणा के पूर्व अधिकारी डॉ. सूरजभान बेदी ने कहा कि सरकार अपनी नीतियों का प्रचार–प्रसार लोकहित हेतु सांग, भजन, रागनियों, नुक्कड़ नाटकों, कविताओं और लोक कहानियों के माध्यम से जनसम्पर्क करती हैं। उन्होंने कहा कि व्यक्ति, समाज का जितना अच्छा जनसम्पर्क होगा उतना ही विकसित होगा। इस अवसर पर दूसरे सत्र में डिजिटल सांउड की कार्यशाला में साउंड एक्सपर्ट डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि संगीत के विभिन्न रसों के माध्यम से स्वरों के साथ अच्छे जनसम्पर्क का निर्माण होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को 'स्वर साधना' के साथ विभिन्न रसों की विस्तृत जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि अच्छा संगीत ही अच्छे जनसंपर्क का निर्माण करता है और अच्छा जनसम्पर्क ही अच्छे संगीत को जन–जन तक पहुंचाता है।

डॉ. सुधीर शर्मा ने विद्यार्थियों को अपनी सांउड डिजाइन कार्यशाला में वीडियो एवं पॉडकास्ट के लिए, साउंड डिजाइन की महत्वपूर्ण जानकारी पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। उन्होंने विद्यार्थियों को सांउड की तकनीकी बारिकियों को प्रैक्टिकल रूप से समझाया। इसके तहत उन्होंने विभिन्न सांउड इफैक्ट्स, साउंड के मनोविज्ञान, ईको, एवं साउंड कंपोज़िंग की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के असिस्टेंट प्रोफेसर व एक्टिविटी इंचार्ज डॉ. आबिद अली ने मंच का सफल संचालन दो विद्यार्थियों मानसी और कमल के साथ किया। इस अवसर पर मुख्य रिसोर्सपर्सन ने विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गए करियर, चुनौतियां, प्रैक्टिकल व समय प्रबंधन से संबंधी प्रश्नों के उत्तर दिये। इस अवसर पर शिक्षक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में मौजूद रहे।

भक्ति–शक्ति यात्रा का केयू शिक्षकों एवं अधिकारियों ने किया स्वागत

कुवि परिसर : हिमाचल प्रदेश से मां ज्वाला देवी की दिव्य ज्योति शक्ति यात्रा के शनिवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के तृतीय द्वार पर पहुंचने पर कुवि कुलसचिव ले. डॉ. वीरेन्द्र पाल सहित शिक्षकों एवं अधिकारियों ने दिव्य ज्योति के दर्शन किए। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव ले. डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि यह भक्ति–शक्ति यात्रा अध्यात्म एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता भारतवर्ष की पहचान रही है इसलिए देश की आध्यात्मिक शक्ति को संग्रहित कर इसे राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगाना हमारा परम कर्त्तव्य है। मां ज्वाला जी की दिव्य ज्योत के दर्शन मात्र से निश्चित ही सभी का जीवन प्रकाशमान होगा तथा आलौकिक आनंद की प्राप्ति भी होगी। उन्होंने कहा कि सनातन परम्परा के अनुसार यह दिव्य ज्योत आध्यात्मिकता, सामाजिक समरसता, सनातन चेतना, शक्ति एवं ऊर्जा का भी आधार है। इस मौके पर प्रो. एआर चौधरी, प्रो. सुशीला चौहान, प्रो. अमित लूदरी, डॉ. अतुल रशिका, डॉ. मीरा चौधरी, डॉ. सुखविन्द्र, डॉ. सुनील भारती सहित बड़ी संख्या में केयू शिक्षक, कुलपति के ओएसडी पवन रोहिला, सहायक कुलसचिव डॉ. जितेन्द्र जांगड़ा व छात्रगण मौजूद रहे।

कवि दरबार में पंजाबी साहित्य क्षेत्र की नई पुस्तकों का हुआ विमोचन

कुवि परिसरः कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पंजाबी साहित्य सभा, पंजाबी विभाग और हरियाणा केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा के संयुक्त तत्वाधान में 3 मई को विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉन्ज में हरियाणवी पंजाबी कवियां दे अंग संग कवि दरबार का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर नरविंदर सिंह कौशल पूर्व, डीन, भाषा एवं कला संकाय, कुवि ने कहा कि पंजाबी कविता मानवीय भावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम है।

ऐसे कवि दरबारों के माध्यम से नई पीढ़ी में भाषा और संस्कृति के प्रति रुचि पैदा होती है। यह मंच पंजाबी साहित्य की सेवा करने वाले कवियों को नई प्रेरणा प्रदान करता है । कार्यक्रम की शुरुआत में पंजाबी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचने वाले सभी अतिथियों व कवियों का स्वागत करते हुए कहा कि लेखकों की नई पीढ़ी को आगे लाकर हरियाणा का पंजाबी साहित्य विश्व के पंजाबी साहित्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगा।

इस सम्मेलन में सुदर्शन गासो, अध्यक्ष, हरियाणा केंद्रीय पंजाबी लेखक सभा ने स्वागत भाषण देते हुए हरियाणा के साहित्यिक क्षेत्र में पंजाबी की स्थापना की बात करते हुए कहा कि हम सदैव पंजाबी साहित्य और लेखकों की सेवा के लिए तत्पर रहे हैं।

इसके बाद हरियाणा पंजाबी साहित्य की तीन पुस्तकें मिट्टी बोल पई, बाल नाटक संग्रह, मनजीत कौर अम्बालवी, बैठा सोढ़ी पातिसाहु, महाकाव्य, गुरदयाल सिंह निमर और अन्तर युद्ध, काव्य संग्रह, डॉ. बलवान औजला आदि पंजाबी साहित्य क्षेत्र की नई पुस्तकों का विमोचन किया गया।

कुवि कुलसचिव ले. डॉ. वीरेन्द्र पाल ने किया देवीलाल हॉस्टल का निरीक्षण

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के देवीलाल हॉस्टल में औचक निरीक्षण किया व हॉस्टल में छात्रों के साथ बैठकर दोपहर का लंच भी किया। इस अवसर पर उनके साथ चीफ वार्डन प्रोफेसर जसबीर ढांडा भी मौजूद रहे। कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने कहा कि कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निर्देशानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के साथ–साथ उनको हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। देवीलाल हॉस्टल में कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने छात्रों से बातचीत की व खाने की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने विद्यार्थियों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाने व किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसके समाधान का आश्वासन दिया।

आईआईएचएस की स्थानेश्वर पत्रिका का कुलपति ने किया विमोचन

कुवि परिसर : विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा का आईना बनी आईआईएचएस संस्थान द्वारा प्रकाशित स्थानेश्वर पत्रिका का कुल. पति प्रो सोमनाथ सचदेवा ने विमोचन किया । विमोचन में कुल सचिव डॉ वीरेंद्र पॉल व संस्थान प्राचार्य सहित कई शिक्षक उप. स्थित थे। इस पत्रिका में विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं कविता, कहानी, संस्मरण व अन्य लेखों से अपनी रचनात्मक अ. भव्यक्ति को साकार रूप दिया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो सचेदवा ने कहा कि किसी भी संस्थान की रचनात्मक एवं साहित्यिक पत्रिका वास्तव में नवोदित युवा

प्रतिभाओं को रचनात्मक कार्य में संलग्न करने का एक मूल्यवान साधन होता है। उन्होंने कहा कि सिलेबस की पढाई के साथ रचनात्मक गतिविधियां भी विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास के लिए जरूरी है । कुलपति ने कहा कि यह पत्रिका अधिक से अधिक विद्यार्थियों के अंदर छिपे रचनात्मक कौशल का विकास करेगी तथा संस्थान की विशिष्ट उपलब्धियों को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराएगी।

संस्थान की प्राचार्या डॉ. रीटा ने बताया कि यह पत्रिका संस्थान के कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष डॉ. अश्विनी कुश के मार्गदर्शन में शून्य लागत पर डिजाइन, संपादित और मुद्रित की गई है। यह संस्थान की वेबसा. इट पर अपलोड की गई है ।

स्टार्टअप के लिए आइडिया का होना जरूरी : कपिल मदान

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में स्टार्टअप गाइड को लेकर श्रीजन स्टार्टअप इनक्यूबेटर के सहयोग से एक्सटेंशन लेक्चर आयोजित किया गया। इस अवसर विभाग के अध्यक्ष प्रो. महाबीर नरवाल ने सागा म्यूजिक कंपनी के प्रोजेक्ट हेड कपिल मदान का स्वागत कियां। मुख्य वक्ता कपिल मदान ने कहा कि स्टार्टअप के लिए आइडिया का होना जरूरी हैं और इनक्यूबेशन और स्टार्टअप प्रक्रियाएं इन विचारों को सफल व्यवसायों में बदलने में सराहनीय भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि इनक्यूबेटर स्टार्टअप में बुनियादी ढांचा, तकनीकी और पेशेवर समर्थन, बाजार अनुसंधान, सरकारी योजनाएं और इंटर्नशिप शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन्फोर्मेशन बहुत बडी शक्ति है और किसी भी कार्य को करने से पहले हमें सटीक और पुष्ट सूचनाओं को हासिल करना चाहिए।

प्रो. अवनेश की पुस्तक का कुलपति ने किया विमोचन

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरु जम्. भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार के पूर्व कुलसचिव व कुवि के इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग प्रोफेसर अवनेश वर्मा की पुस्तक 'डाटा रिकवरी टेक्निक्स फॉर कंप्यूटर फोरेंसिक' का विमा. चन किया। इस अवसर पर कुलपति ने उनको इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी और भविष्य में और बेहतर लेखन हेतु मंगल कामना की। प्रो. अवनेश वर्मा ने बताया कि यह किताब बेन्थम बुक्स रॉबिनसन्स रोड सिंगापुर से प्रकाशित हुई है। इसमें प्रो अवनीश वर्मा के साथ प्रो. अलेक्स खंग, कैलिफोर्निया अमेरिका से, सचित धनखड़, संदीप भरद्वाज और सतीश कुमार शर्मा भ. ारत से एडिटर्स हैं। प्रो वर्मा ने बताया की

इस यह पुस्तक केवल अकादमिक जगत तक ही सीमित नहीं होगी। सामान्य व्यक्ति भी पढ़कर विज्ञान और तकनीक से संबंध बहुत सी चीजों को सहज–सरल तरीके से जान सकेंगे। जो अकादमिक जगत से जुडे हैं या किसी पेशेवर संस्थान से सम्बन्ध रखते हैं उनके लिए भी इसका बहुआयामी प्रयोग रहेगा। यह आवश्क भी है कि ज्ञान का प्रवाह आम लोगों की तरफ हो।

कुवि छात्रों ने 'फिट इंडिया साइकिल अभियान' में की भागीदारी

कुवि परिसर :कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने फिट इंडिया – साइकिल अभियान का शुभारंभ कियां। इस अवसर पर उन्होंने सभी शिक्षण विभागों के स्वयंसेवकों की इस साइकिल यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा कुलपति निवास से यूनिवर्सिटी मार्केट होते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय पर जाकर सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि फिटनेस हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। मानसिक और शारी. रिक फिटनेस ही हमारी असली संपत्ति है। इस तरह की पहल देखना वाकई अच्छा है, जहां लोग साइकिल चलाने के लिए एक

साथ आ रहे हैं और आम तौर पर बेहतर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। मुझे खुशी है कि फिट इंडिया ऐसा कर रहा है और मुझे उम्मीद है कि यह आगे भी बढ़ता रहेगा। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति ने सैकड़ों लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कुलपति ने स्वयंसेवकों के अनुभवों को भी जानां।

कला प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का मंच : प्रो. दिलबाग सिंह

केयू ललित कला विभाग में तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्षनी "थ्री विजन" हुई षुरू

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी "थ्री विजन" का आयोजन किया गया। शुभारंभ अवसर पर इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी के कुलसचिव प्रोफेसर (डॉ.) दिलबाग सिंह मुख्य अतिथि थें। उन्होंने कहा कि कला प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने का मंच है। कला प्रदर्शनी न केवल विद्यार्थिया. के आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं, बल्कि उनकी रचनात्मकता को भी नए आयाम प्रदान करती हैं। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए भ प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर ललित कला विभागाध्यक्ष प्रो गुरचरण व अन्य शिक्षक उपस्थित थें।

पृथ्वी की सुरक्षा में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिकाः प्रो. जितेन्द्र शर्मा

कुवि परिसर : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन संस्थान के तत्वावधान में विश्व पृथ्वी दिवस 2025 के अवसर पर 'हमारी शक्ति हमारा ग्रह' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्र स्तरीय ऑनलाइन कार्यक्रम अर्थोनः 2025 का आयोजन किया गया। पर्यावरण अध्ययन संस्थान के निदेशक एवं कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जितेन्द्र शर्मा ने कहा कि पृथ्वी की सुरक्षा में प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऊर्जा के स्रोतों में नवाचार न केवल ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करता है, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति पर नियंत्रण बढ़ाकर आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण दोनों को सशक्त बना सकता है। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रों ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन और नि. बंध लेखन प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। देश भर से कुल 131 छात्र प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। कार्यक्रम का आया. जन और निर्णायक डॉ. हरदीप राय शर्मा और डॉ. पूजा अरोड़ा (पोस्टर मेकिंग) डॉ. मीनाक्षी सुहाग और डॉ. संदीप गुप्ता (नारा लेखन) और डॉ. दीप्ति ग्रोवर और इंजी. शिवानी गर्ग (निबंध लेखन) द्वारा किया गया। डॉ. भावना दहिया, सहायक प्रोफेसर, सह–संयोजक के रूप में कार्य किया, जबकि सुश्री अंजू ने छात्र संयोजक के रूप में कार्य किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझे किएं।

विद्यार्थियों को स्टेम सेल के दान के प्रति किया जागरूक

कुवि परिसर : विश्वविद्यालय की यूटीडएन. एस. एसी. इकाई –3 और यूथ सोशलग्राम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्टेम सेल दाता पंजीकरण शिविर का आया. जन किया गया। यह शिविर शिक्षक संघ (कुटा) कार्यालय के निकट आईसीएच कैंटीन के पास आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, युवाओं और स्थ. ानीय लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आर्ट्स फैकल्टी की चेयरपर्सन प्रो. पुष्पा रानी ने अपने संबोधन में कहा कि स्टेम सेल दान एक महान परोपकारी कार्य है, जो गंभीर बीमारियों जैसे थैलेसीमिया, रक्त कैंसर

